सच मीडिया
प्रादेशिक
जोधपुर, शुक्रवार, 13 जून 2025

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त सीईसी ज्ञानेश कुमार ने स्टॉकहोम स्वीडन में इंटरनेशनल आईडीईए सम्मेलन के अवसर पर विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की

सच मीडिया



**धौलपुर ब्यूरो चीफ युसूफ खान ।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त सीईसी ज्ञानेश कुमार ने इंटरनेशनल आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन 10-12 जून में भाग लेने के लिए स्वीडन की यात्रा के दौरान विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के प्रमुखों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें की। इन बैठकों का उद्देश्य भारत की चुनाव प्रबंधन और लोकतांत्रिक सहयोग की दीर्घकालिक साझेदारियों को और मजबूत करना है। द्विपक्षीय बैठकों के दौरान ज्ञानेश कुमार ने चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक-एक करके विस्तृत चर्चा की, जिसमें चुनाव से संबंधित अनुभवों और नवाचारों की एक विस्तृत श्रृंखला को साझा किया गया। शाम को मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने इंटरनेशनल आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन ऑन इलेक्टोरल इंटीग्रिटी के उद्घाटन सत्र में उद्घाटन भाषण भी दिया इस अवसर पर सुश्री मारिसा आर्लीन काब्राल पोरचास, अंतरराष्ट्रीय मामलों की समन्वयक और सुश्री नॉर्मा इरेन डी ला क्रूज निर्वाचन पार्षद राष्ट्रीय निर्वाचन संस्थान मैक्सिको मोचम्मद अफिफुद्दीन अध्यक्ष जनरल इलेक्शन कमीशन इंडोनेशिया पुरवे डेलगेनारन अध्यक्ष जनरल इलेक्शन कमीशन मंगोलिया मोसोथो साइमन मोएप्या अध्यक्ष इलेक्टोरल कमीशन दक्षिण अफ्रीका हांसपीटर विस्स नीति सलाहकार स्विस विकास और सहयोग एजेंसी स्विट्ज़रलैंड सुश्री एंजेलिका कारामन अध्यक्ष और पावेल पोस्टिका उपाध्यक्ष केंद्रीय चुनाव आयोग मोल्दोवा डेरियस गैजाउसकास सूचना प्रौद्योगिकी विभाग प्रमुख निर्वाचन आयोग लिथुआनिया अब्दुल रहमान मोहम्मद इरफान निर्वाचन आयुक्त मॉरिशस निर्वाचन आयोग विजय रंगराजन मुख्य कार्यकारी इलेक्टोरल कमीशन यूनाइटेड किंगडम सुश्री अन्ना-कैरीन लिंडहैम प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय स्वीडन सुश्री मारिजा रिंतेल सहायक प्रमुख संघीय चुनाव आयोग जर्मनी सहित द्राज़ेनको पांडेक राज्य चुनाव आयोग क्रोएशिया उपस्थित रहें।